# भारत सद्भावना पदयात्रा

## कन्याकुमारी से चलकर काश्मीर तक

यात्रा संचालक :– राष्ट्रीय संत पं. पू. अवधूत अलखराम बाबाजी
श्री सर्वेश्वरी सेवा समूह गुरूदेव ग्राम भानपुरी, राजनांदगांव (म. प्र.)

पत्रांक : ७/५९ सेवा मे,
श्रीमान उपायुक्त महोदय जी, दिनांक.................................
श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर।

विषय — कन्याकुमारी से काश्मीर तक की सद्भावना पदयात्रा मे श्रीनगर पहुँचकर यात्रा समाप्ति की सूचना से अवगत कराने के सम्बन्ध में।

महाशय,

सेवा मे निवेदन है कि हमलोग प॰ पू॰ अवधूत भगवान रामजी, जो इस युग के महान सन्त हुये उनके प्रिय शिष्य प॰ पू॰ अवधूत अलख रामजी के नेतृत्व मे १८ अक्टूबर १९९८ को कन्याकुमारी से यात्रा प्रारम्भ कर तमीलनाडु, पान्डीचेरी, केरल, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, चन्डीगढ़ एवं पंजाब होते हुये ~~जम्मू~~ इससमय जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर तक पहुँचे हैं। यह अवधूत भगवान रामजी के शिष्यों, सन्तो एवं अनुयायीयों का दल है। जिसका मुख्य उद्देश्य प॰ पू॰ अवधूत भगवान रामजी के राष्ट्रीय चिन्तन एवं मानवीय विचारो को जनजन तक पहुँचाना है, जिससे इस देश के लोगो एकता, भाईचारा, आपसी प्रेम एवं मैत्री का सच्चा भाव पैदा हो तथा राष्ट्र की अखण्डता अक्षुण्ण रहे। कन्याकुमारी से काश्मीर तक हमलोग अपना सद्भावना संदेश लोगों मे बाँटा तथा श्रीनगर पहुँचकर यात्रा समाप्त की जाती है।

हमलोग ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि कन्याकुमारी से काश्मीर तक भारत एक रहे तथा कश्मीर मे पूर्ण शांति हो और यह प्रदेश देश की मुख्य धारा से जुड़कर विकास के पथ पर अग्रसर हो। इसी आशा और विश्वास के साथ —

आपका विश्वसनीय पदयात्री दल।

सद्भावना पदयात्रा
(हस्ताक्षर)
सचिव
कन्याकुमारी से काश्मीर

I am really delighted to meet the team headed by Sant Avdhoot Alak Ram Baba ji who have reached their final destination in respect of yatra started from Kanya Kumari in order to spread the message of brotherhood & national integration.

My best wishes to the team.

21/8/96

ADC
Srinagar

Additional Deputy Commissioner
Srinagar